देखिये, मुरैना में ऐसे बनता है नकली गुड़, खाद्य विभाग ने छापा मारा, फैक्ट्री सील - Morena Fake Gud Factory

मुरैना। चंबल अंचल में नकली पनीर और मावा सहित दूध तैयार करने की खबरें सुर्खियों में रहती हैं लेकिन अब मुरैना जिले में नकली गुड की फैक्ट्री पकड़ी गई है. शुक्रवार को खाद्य औषधि विभाग की टीम ने जौरा रोड पर पुनीत गर्ग की गुड बनाने की फैक्टरी पर छापा मारा. बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के गुड़ बनाया जा रहा था. ये गुड़ नकली है. टीम ने छापा मारकर नकली गुड़ जब्त किया और गोदाम में ताला जड़ दिया.

प्लास्टिक को पिघलाकर बनाया गुड़

खाद्य विभाग निरीक्षक अवनीश गुप्ता ने बताया **"जौरा रोड पर पुनीत गर्ग द्वारा लंबे समय से नकली गुड़ बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी. फैक्ट्री पर प्लास्टिक को पिघलाकर कर गंदगी के बीच गुड़ तैयार किया जा रहा था. इसकी लंबे समय से खाद्य विभाग को भी शिकायत मिल रही थी. फिर से सूचना मिली कि जौरा रोड पर नकली गुड़ बनाने का बड़ा कारखाना चल रहा है. उसके पास फूड सेफ्टी लाइसेंस भी नहीं है और भारी गंदगी के बीच गुड का निर्माण किया जा रहा है."**

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/morena-fake-jaggery-factory-food-department-team-raided-factory-sealed-madhya-pradesh-news-mps24092105126